# ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौत

## वीडियो में दिखा दर्दनाक हादसा, वीडियो वायरल



**मंडला, देशबन्धु।** निवास थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिन्हा के पोषक ग्राम मुकास में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ इस वीडियो में दिख रहा है कि एक ट्रैक्टर खेत में काम करते समय गीली मिट्टी में फंस जाता है और जब चालक इसे निकालने की कोशिश करता है, तो ट्रैक्टर अचानक खड़ा हो जाता है और फिर धड़ाम से गिर जाता है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निवास थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खिन्हा के पोषक ग्राम मुकास में ट्रैक्टर चालक रवि प्रकाश उईके पिता शमशेर सिंह उम्र लगभग 20 वर्ष जो कि अपने चाचा बारे लाल के खेत में कृषि कार्य कर रहा था तभी गीली मिट्टी में खेत पर ट्रेक्टर का चक्का फंस गया वही चालक कल्टीवेटर खोल कर कैचविल में लकड़ी डाल कर ट्रेक्टर निकलने का प्रयास कर रहा था तभी अचानक ट्रेक्टर ऊपर उठा और देखते ही देखते पलट गया बताया गया कि घटना के दौराज खेत मालिक के इलावा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

घटना के बाद चालक नीचे दब गया स्थानीय जनों ने निकालने का प्रयास किया परन्तु तब तक देर हो चुकी थी चालक की मौत हो गई थी घटना की जानकारी निवास 100 डॉयल को दी गई। वीडियो में दिख रहा है कि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को निकालने की कोशिश कर रहा है, लेकिन अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट जाता है और चालक इसके नीचे दब जाता है। पास में ही खड़े एक युवक ने इस घटना का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया, बताया गया की युवक अपने मोबाइल पर वीडियो रील के लिए बना रहा था वह यह बताना चाह रहा था कि किसान कितनी मेहनत करता हैं कृषि के लिए तभी अचानक से ट्रेक्टर पलट जाता हैं जिसका लाइव वीडियो भी मोबाइल पर कैद हो जाता है जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**चालक की मौत**-हादसे के बाद चालक रवि को ट्रैक्टर के नीचे से निकालने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और चालक की मौत हो गई थी चालक का नाम रवि प्रकाश उई के पिता शमशेर सिंह उम्र 20 वर्ष बताया गया हैं। पुलिस ने इस हादसे की जांच शुरू कर दी है और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# राष्ट्रीय ब्रॉडगेज रेलवे संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

## डॉ. अशोक मर्सकोले राष्ट्रीय ब्रॉडगेज रेलवे संघर्ष समिति के लोकसभा क्षेत्र मंडला के लिए अध्यक्ष चुने गए



**मंडला, देशबन्धु।** 11 जुलाई को चिलमन चैक पैराडाइज कैम्पस मंडला में राष्ट्रीय ब्राड गेज रेलवे संघर्ष समिति की महत्वपूर्ण बैठक निवास विधायक चैन सिंह बरकडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सर्व प्रथम मंडला लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय ब्राड गेज रेलवे संघर्ष समिति अध्यक्ष हेतु राष्ट्रीय ब्राड गेज रेलवे संघर्ष समिति की कार्यकारिणी एवं अध्यक्ष अनूप सिंह बैंस की अनुशंसा पर डॉ अशोक मर्सकोले पूर्व विधायक को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अनूप मिश्रा ने उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस बैठक में भारी संख्या में शहर एवं जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में वर्तमान में रेल से संबंधित समस्याओं पर विचार किया गया। तदुपरांत ज्ञापन तैयार कर रेल मंत्री के नाम पर कलेक्टर कार्यालय एवं रेलवे स्टेशन पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में निम्नलिखित मांगे रेलमंत्री को प्रेषित की गई।

1. इंदौर से नैनपुर तक चलायी जाने वाली पेंचवेली एक्सप्रेस को मंडला तक चलाया जावे। 2-बैतूल से सिवनी चलायी जाने वाली रेल को मंडला तक चलाया जावे। 3-शाम को मंडला से नैनपुर जाने वाली रेल को नागपुर तक चलाया जावे। 4-मंडला से रायपुर जबलपुर एवं भोजन के लिए गाडियां चलायी जावे।

5-मंडला फोर्ट से घंसौर रेल लाइन का शीघ्र निर्माण किया जावे ।

बैठक में निवास विधायक चैन सिंह बरकडे, पूर्व विधायक डाक्टर अशोक मर्सकोले, राष्ट्रीय महासचिव पं.अनूप मिश्रा जिला अध्यक्ष अनूप वासल , प्रोफेसर संजीव छोटेलाल उईके पूर्व विधायक,चंद्र मोहन सराफ ,वी के राय ,सत्यनारायण अग्रवाल जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश तिवारी, सुभाष नामदेव, हरिराम कछवाहा,गणेश पटेल, मुकेश कछवाहा, रंजीत कछवाहा, किशोर इसरानी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सार-समाचार

## युवा-संगम मेला का 15 को

**मंडला, देशबन्धु।** रोजगार के इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए मासिक रोजगार मेले का आयोजन 15 जुलाई को नगरपालिका के टाऊनहॉल में किया जा रहा है। इस मेले में बेरोजगार युवा जिनकी उम्र 18-35 वर्ष एवं योग्यता- कक्षा 8वी से स्नातक/आई.टी.आई उत्तीर्ण हो, वह निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए पहुंचकर काउंसलिंग में हिस्सा ले सकते हैं। नगरपालिका मण्डला के टाउनहॉल में यह आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। इच्छुक आवेदक रोजगार मेले में अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार पंजीयन एवं अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय मण्डला, आईटीआई मण्डला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

## जिले में अब तक 826.3 मिमी वर्षा दर्ज, मंडला तहसील में सबसे अधिक 925 मिमी हुई बारिश

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले में एक जून से 11 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 826.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 11 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 14.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन मंडला में 36 मि.मी., नैनपुर में 3 मि.मी., बिछिया में 14.5 मिमी, निवास में 16.8 मिमी, घुघरी में 12.6 मि.मी. एवं नारायणगंज में 4.2 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जुलाई तक तहसील मंडला में 925 मिमी, नैनपुर में 910.6 मिमी, बिछिया में 779.1 मिमी, निवास में 827.1 मिमी, घुघरी में 691.6 मिमी एवं नारायणगंज में 831.9 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 363 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील मंडला में 491.8 मिमी, नैनपुर में 462.4 मिमी, बिछिया में 341.6 मिमी, निवास में 326.1 मिमी, घुघरी में 201.1 मिमी एवं नारायणगंज में 363.5 मिमी वर्षा आंकी गई थी।

## जहरीले जंतु के काटने से किशोरी की मौत

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया के आश्रित ग्राम नन्ही देवरी में शुक्रवार की रात घर में सो रही 7 वर्षीय किशोरी को जहरीले जंतु के काट लेने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी तनु पिता उत्तम गौड़ उम्र 7 वर्ष को घर में सोते समय जहरीले जंतु जे काट लिया जब बच्ची ने आवाज दी तो परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे लेकिन रास्ते में किशोरी की मौत हो गई घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## सीवर लाइन की समस्या को लेकर बैठक

**डिंडोरी, देशबन्धु।** मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन अनुराग जैन के निर्देशन में नगरीय क्षेत्रों में सीवर लाइन की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक अधिवक्ता सम्यक जैन के दफ्तर में आयोजित की गई। इस बैठक में भोपाल और दिल्ली से पधारे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और समस्या के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सीवर लाइनों के जाम होने, ओवरफ्लो, अनुचित पाइप और जलभराव जैसी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जो स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं।बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवर लाइनों की सफाई, मरम्मत और आवश्यक उन्नयन का कार्य तत्काल शुरू किया जाए। इसके अतिरिक्त, निर्माण कार्यों के दौरान होने वाली अव्यवस्था, जैसे सड़कों की खुदाई और जल आपूर्ति में व्यवधान, को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में नगरीय क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 01 से 15 तक वार्डवार प्राथमिकता के आधार पर कार्य योजना तैयार कर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया, जिससे आम नागरिकों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीवर लाइन की समस्या के स्थायी समाधान के लिए समयबद्ध ढंग से कार्यवाही की जाए और इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए।

# गुरुओं का सम्मान हमारी सनातनी परंपरा : प्रफुल्ल मिश्रा

**मंडला, देशबन्धु।** भाजपा ने जिले भर में जिला स्तर व मंडल स्तर पर भव्य कार्यक्रम कर ''गुरु पूर्णिमा'' पर गुरुओं का सम्मान किया है। इस अवसर पर पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर स्थित मंदिर, आश्रम, मठों समेत प्रमुख धार्मिक स्थानों पर जाकर संत, साधु, महात्माओं और महंतों का आदर सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इसी कड़ी में कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, कार्यक्रम प्रभारी नरेश कछवाहा, नगर अध्यक्ष भाजपा शिवा रानू राजपूत गुरुओं व संतो का शॉल श्रीफल से सम्मान किया और उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम भाजपा प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर आयोजित किया गया।



**इन साधु संतों का किया सम्मान**

गुरूपूर्णिमा के अवसर पर सर्व प्रथम कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि योगी विद्यालय में महर्षि महेश योगी जी को नमन कर किया गया। जहां सरस्वती शिशु मंदिर में गुरूपूजन कर संत रामदास जी महाराज सहस्धारा गोंझी आश्रम, संत श्री शारदात्मानंद रामकृष्ण सेवा आश्रम, संत श्री सच्चिदानंद सुरंगदेवरी, साध्वी मनीषा माता ग्राम सिलपुरा, प्रेमानंद जी महाराज घाघा, संत सच्चिदनंद नावघाट, कथावाचक ललित मिश्रा साईसेवा आश्रम, संत तुलसीगिरी महाराज अंजनियां, संत संतोष महाराज हिरदेनगर, संत नर्मदागिरी महाराज मानादेही, पंडित श्री अशोक दुबे आश्रम बिनैका रोड, पंडित विजयानंद शास्त्री बम्हनी, पंडित नीलू महाराज अंजनिया, पंडित परणित महाराज, पंडित संतोष शास्त्री पदमी, मुनि नारायण घाघी में जाकर सम्मान पूर्वक शॉल श्रीफल पुष्पमाला से सम्मान करते हुए आर्शीवाद लिया।

**वरिष्ठ शिक्षकों का भाजपा ने किया सम्मान**

जिला मुख्यालय के महिष्मति घाट में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों, वरिष्ठ शिक्षकों, राष्ट्रपति व राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षकों का सम्मान किया गया। जहां इस अवसर पर वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक श्री राजेश क्षत्री, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक शक्ति पटेल, अखिलेश उपाध्याय, शैल दुबे, भागवत बैरागी पुष्पमाला शॉल श्रीफल, मिष्ठान से सम्मान किया गया। इस दौरान सेवा निवृत्त राजेश क्षत्री ने कहा कि शिक्षक छात्रों के लिए एक मार्गदर्शक, सुविधाकर्ता और प्रेरणादायक व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं। वे न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि छात्रों को उनके व्यक्तित्व विकास, समस्या-समाधान कौशल और एक सफल जीवन के लिए आवश्यक अन्य महत्वपूर्ण गुणों को विकसित करने में भी मदद करते हैं।

**गुरुओं का सम्मान करना हम सभी का सौभाग्य**-गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम भाजपा द्वारा जिला स्तरीय व मंडल स्तरीय तय किया गया था और हमने जिले के विभिन्न स्थानों पर गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न किया यह हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है कि हमें पार्टी कार्यक्रम के माध्यम से गुरुओं का सान्निध्य और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा के पर्व पर संतों का सम्मान करने से पूर्व उनका आशीर्वाद लेने का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिले में किया है। भारतीय जनता पार्टी ने सदैव भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने का प्रयास धरातल तक पहुंचकर किया है और यह एक महत्वपूर्ण वजह है जो भाजपा को अन्य राजनैतिक दलों से अलग और विशिष्ट बनाती है ।

**कार्यक्रम के दौरान ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, कार्यक्रम संयोजक नरेश कछवाहा, सह प्रभारी सुश्री शशि पटेल, विनय तिवारी, श्याम दुबे, सुधीर अग्रवाल,सचिन शर्मा ,सौरभ गुप्ता, संतोष साहू, संतोष जंघेला, सरोज सोनी,रितेश राय, शिखा श्रीवास्तव, योगेश चक्रवर्ती, मंगलेश चक्रवर्ती, मनीषा तिवारी, यशवल तिवारी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता,मातृशक्ति, युवा, जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# नदी पर नहाने गई महिला को खींच ले गया मगरमच्छ

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के नोहटा थाना के कनिया घाट पटी गांव से निकली व्यारमा नदी में शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। नदी पर अपनी साथी महिलाओं के साथ नहाने गई एक महिला को मगरमच्छ ने खींच लिया और नदी के पानी में ले गया। ग्रामीणों ने तत्काल पीछा किया तो करीब एक घंटे बाद महिला का शव नदी के दूसरे घाट पर मिल गया। शव बाहर निकालने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अभाना में जाम लगा दिया। जिसे प्रशासन ने खुलवाया और उचित मुआवजे के साथ मगरमच्छ को पकड़ने की बात कही गई। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

मालतीबाई पति मेघराज सिंह नदी में नहाने गई थी। तभी अचानक मगरमच्छ ने उस पर हमला बोल दिया और उसके पैर को दबोच कर उसे अपने साथ खींच कर गहरे पानी में ले गया। इस दौरान ग्रामीणों ने महिला को ले जाते मगरमच्छ का वीडियो भी बनाया और पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। इसके बाद वन विभाग की टीम और एसडीआरएफ की टीम गांव पहुंची और महिला को खोजने का प्रयास किया। ग्रामीण लगातार मगरमच्छ का पीछा कर रहे थे। करीब एक घंटे बाद नदी के दूसरे छोर पर महिला का शव झाड़ियों में फंसा मिला।

महिला की मौत की खबर सुनने के बाद पूरा गांव नदी किनारे एकत्रित हो गया। लोग दुखी और दहशत में हैं। हालांकि वन विभाग द्वारा कई चिन्हित स्थानों पर नदी के किनारे मगरमच्छ के होने की चेतावनी के बोर्ड लगाए गए हैं। मुनादी भी कराई जाती है। रात के समय या अकेले में नदी किनारे न जाएं। बीते दो वर्ष से दमोह जिले में मगरमच्छ के हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसका प्रमुख कारण है नदियों में मगरमच्छों की संख्या बढ़ना, जो कई बार नदी से निकलकर गांव तक पहुंच जाते हैं।

पिछले साल इसी गांव के नजदीक हटरी गांव में अपने पिता के साथ नहा रहे एक आठ साल के बालक को मगरमच्छ पानी में खींच ले गया था। जिसका अगले दिन शव मिला था। मगरमच्छ के हमले में महिला की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने अभाना गांव में सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिस कारण दमोह जबलपुर हाईवे पर जाम लग गया।

नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, उपवन मंडल अधिकारी एमडी मानिकपुरी, रेंजर विक्रम चौधरी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी। अधिकारियों ने उचित मुआवजे का आश्वासन दिया। व्यारमा नदी में मौजूद मगरमच्छ का भी रेस्क्यू कर उसे बाहर निकालने की बात कही। तब परिजन माने और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, एक महिला की मौत, दो गंभीर

## नेशनल हाइवे 30 तिंदनी पेट्रोल पंप के पास हादसा

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जबलपुर हाईवे पर तिंदनी पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। शुक्रवार को दो बजे करीब हुए इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई और दो पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। उक्त स्थान में पूर्व में भी हादसे हुए हैं लेकिन भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।



# किचऊ पुलिया पर पांच फीट पानी, तेंदूखेड़ा-तारादेही मार्ग बंद

**तारादेही/ तेन्दूखेड़ा, देशबन्धु।** दो जुलाई से लगातार बारिश का दौर जारी है जिसके चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शुक्रवार की सुबह से लेकर शाम तक कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश होती रही। वहीं गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात से शुरू हुई तेज बारिश के चलते कुछ मार्ग बंद हो गए। इसके कारण लोगों को परेशान होना पड़ा वहीं सड़कों पर पानी ही पानी नजर आता रहा कई सड़क जलमग्न हो गई। जानकारी के मुताबिक 30 जून से लगातार बारिश हो रही है लेकिन 2 जुलाई से बारिश ने अपनी तेज रफ्तार पकड़ ली है जो अभी भी जारी है।

**तारादेही तेन्दूखेड़ा मार्ग हुआ बंद दोनों और फंसे रहे वाहन और राहगीर**-वहीं शुक्रवार की सुबह पांच बजे तेन्दूखेड़ा तारादेही मार्ग पूरी तरह से दोपहर तीन बजे तक बंद हो गया। इस मार्ग पर तारादेही और जेतगढ़ के समीप पड़ने वाली किचऊ की पुलिया डूब जाने से दोनों और वाहनों की लाइन लग गई। पुलिया पर सुबह दस बजे तक पांच फुट से अधिक पानी होने के चलते मार्ग पूरी तरह बंद रहा। इस मार्ग से तेन्दूखेड़ा जबलपुर, देवरी, महाराजपुर, तारादेही, समनापुर, पौड़ी, चंदना सागर, सारसबगली, खमतरा, शिवलाल खमरिया, सर्रा झमरा, कोटखेड़ा, बम्हौरी सहित दर्जनों गांव और सागर-नरसिंहपुर - भोपाल तक जाना होता है लेकिन पुलिया पर दोपहर तीन बजे तक पानी होने से पूरा मार्ग बंद हो गया।

कई राहगीरों को वापस अपने घर या फिर अन्य मार्गों से अपने स्थानों की और रवाना होना पड़ा वहीं पुल के आसपास पुलिस प्रशासन का कोई भी अधिकारी कर्मचारी नजर नहीं आया, जबकि बुधवार की रात झापन लकलका के कुड़ी नाले पर पानी होने के दौरान बस चालक द्वारा बस को निकालने का प्रयास किया गया था। इस दौरान यात्रियों की जान जोखिम में डाल दी थी जहां भी शासन प्रशासन का कोई भी अधिकारी कर्मचारी मौजूद नहीं था।

# एसपी ने किया ग्रामीणों से संवाद

**डिंडोरी, देशबन्धु।** एसपी वाहिनी सिंह ने शहपुरा थाना परिसर में गुरुवार को ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। स्थानीय निवासी रघुनंदन पांडेय ने नगर में नाबालिग बच्चों द्वारा तेज गति से बाइक चलाने की समस्या उठाई। ग्रामीणों ने बिछिया, मानिकपुर, रैपुरा, बरगांव, कोहानी देवरी सहित अन्य क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री की शिकायत की। एसपी ने माता-पिता से आग्रह किया कि वे नाबालिगों को बाइक न चलाने दें। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों की सूचना थाने या एसपी कार्यालय में दी जा सकती है। एसपी ने महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही। पुलिस स्कूल टाइम में और कॉलेज टाइम में पेट्रोलिंग करे। महिलांए घरेलू हिंसा और बच्चियां अपनी समस्या बेझिझक संबंधित थाना प्रभारी या फिर मुझे फोन पर बता सकती है।आपका नाम गोपनीय रखा जाएगा और विधि अनुसार संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बेटियां बेझिझक स्कूल, कॉलेज पढ़ने जाए। थाना प्रभारी महिला संबंधित शिकायतों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें।